फ़ैक्स/ ई-मेल द्वारा
सं. 56/15/रसंमनि/समन्वय/2017/खंड II
भारत सरकार,रक्षा मंत्रालय
रक्षा सम्पदा महानिदेशालय
रक्षा सम्पदा भवन
उलान बाटर मार्ग, दिल्ली छावनी
दिनांक 09 अगस्त , 2017

सेवा में,

प्रधान निदेशक, रक्षा संपदा,
रक्षा मंत्रालय,
मध्य/ दक्षिण/पश्चिम/ उत्तर/ पूर्व/दक्षिण-पश्चिम कमान
लखनऊ/ पुणे/चंडीगढ़/ जम्मू/कोलकाता/ जयपुर

विषय : छावनी परिषदों और अन्य कार्यालयों द्वारा स्थापना दिवस का आयोजन।

जैसा कि आप जानते हैं कि छावनी विभाग के स्थायी आधार पर गठन किए जाने की स्वीकृति की सूचना देते हुए सचिव, सैन्य विभाग, भारत कार्यालय, लंदन द्वारा लिखित पत्र सं. 7007/26 दिनांक 16.12.1926 के आधार पर हम प्रति वर्ष 16 दिसंबर को रक्षा सम्पदा संगठन के स्थापना दिवस के रूप में मनाते हैं।

2. महानिदेशक, रक्षा सम्पदा चाहते हैं कि रक्षा सम्पदा संगठन के कार्यालय, विशेष रूप से छावनी परिषद, अपने स्थापना दिवस जैसे कि 75वर्ष, 100वर्ष, 150वर्ष आदि के उपलक्ष्य में समारोह का आयोजन, पुस्तिका वितरण और विशिष्ट परियोजनाओं की शुरुआत करते हुए स्थापना दिवस मनाएं। ऐसे कार्यालयों में तैनात अधिकारियों को पर्याप्त समय रहते इस विषय में पहल करनी होगी।

3. इस प्रकार किए गए अथवा निकट भविष्य में किए जाने के लिए प्रस्तावित कार्यकलापों का विवरण इस महानिदेशालय को 18.08.2017 तक हर हालत में भेज दिया जाए।

4. इसे महानिदेशक, रक्षा सम्पदा का अनुमोदन प्राप्त है।

(अशोक कुमार)
उप निदेशक (समन्वय)
कृते महानिदेशक, रक्षा सम्पदा

प्रतिलिपि : -

निदेशक, राष्ट्रीय रक्षा सम्पदा प्रबंधन संस्थान

महानिदेशक, रक्षा सम्पदा के वरिष्ठ प्रधान निजी सचिव

रक्षा सम्पदा महानिदेशालय (राजभाषा अनुभाग)
डीएमएस/वेबसाइट/एयू एवं आरसी/गार्ड/फ्लोट फ़ाइल